प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 03.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में तीन दिवसीय सशस्त्र सैन्य समारोह का किया उद्‌घाटन : कहा– युवा पीढ़ी को नई प्रेरणा प्रदान करेगा यह समारोह।
2. अयोध्या में दीपावली पर 28 से 31 अक्टूबर तक आयोजित होगा चार दिवसीय दीपोत्सव : 25 लाख से ज्यादा दीयों से जगमग होंगे राम की पैड़ी समेत अन्य घाट।
3. बहराइच में भेड़िये ने कल रात बच्ची पर किया हमला : वन विभाग ने भेड़िये को पकड़ने के लिए पूरे क्षेत्र को सात टीमों में बांटाः पुलिस संग लगाई गई दो कंपनी पीएसी।

और

4. बरसाना में 10 और 11 सितम्बर को धूमधाम से मनाई जाएगी राधाष्टमी : प्रशासन ने बीमार, बुजुर्ग और बच्चों को मंदिर न लाने का किया निवेदन।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के सूर्या खेल परिसर में तीन दिवसीय सशस्त्र सैन्य समारोह का उद्‌घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सशस्त्र सैन्य समारोह हमारे समाज और युवा पीढ़ी को एक नई प्रेरणा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय

सेना, दुनिया की अद्वितीय सेना है। भारत के शत्रु भी सशस्त्र बलों की शक्ति, अनुशासन और तकनीकी कौशल का लोहा मानते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत रक्षा उत्पादन के क्षेत्र आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तेजी के साथ आगे बढ़ा है। बाइट.....

*दस वर्ष के अंदर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तेजी के साथ आगे बढ़ा है। फरवरी दो हजार अट्ठारह में लखनऊ में आयोजित इन्वेस्टर समिट में आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने देश के अंदर दो डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर की घोषणा की थी उसमें से एक उत्तर प्रदेश में छह नोट पार्क स्थापित हो रहा है। प्रदेश सरकार ने इन छह के छह नोट पार्क रक्षा मंत्रालय के साथ बेहतरीन तालमेल स्थापित करते हुए कार्य को आगे बढ़ाया है। इन परियोजनाओं से देश की सैन्य शक्ति मजबूत होगी और राष्ट्रीय सुरक्षा को भी बल मिलेगा।*

5 सितंबर तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चलने वाले इस समारोह में आत्मनिर्भर भारत क तहत विकसित नवीनतम सैन्य उपकरण देखे जा सकते हैं। समारोह में प्रवेश सभी के लिए निःशुल्क है। *शैलेन्द्र शर्मा*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मैनपुरी में 361 करोड़ रूपय से अधिक लागत की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न लोक—कल्याणकारी योजनाओं क लाभार्थियों को सहायता राशि के हस्तांतरण के साथ ही ऋण, अनुदान राशि और

विद्यार्थियों को स्मार्टफोन, टैबलेट भी वितरित किये। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नया उत्तर प्रदेश विकास एवं सुरक्षा के नित नए मॉडल प्रस्तुत कर रहा है। मैनपुरी की पहचान ऋषियों और स्वतंत्रता सेनानियों की भूमि के नाम से रही है और प्रदेश सरकार मैनपुरी के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री ने मैनपुरी में मिनी ग्रामीण स्टेडियम बनाने की घोषणा भी की।

———————

अयोध्या के भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के श्रीविग्रह की स्थापना के बाद इस वर्ष दीपावली पर आयोजित होने जा रहा दीपोत्सव बेहद खास होगा। इस बार चार दिनों का भव्य दीपोत्सव 28 से 31 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। 2017 से ही दीपावली पर अयोध्या के सरयू घाट पर रिकॉर्ड संख्या में दीप जगमग होते रहे हैं लेकिन इस वर्ष 8वें दीपोत्सव में राम की पैड़ी, नया घाट समेत अयोध्या के विभिन्न घाटों को 25 लाख से ज्यादा दीयों से सजाया जाएगा। इसके लिए इंटेलिजेंट डायनेमिक कलर चेंजिंग एलईडी डेकोरेटिव पैनल्स और मल्टीमीडिया प्रोडक्शन समेत विभिन्न प्रकार की आधुनिक लाइटिंग का प्रयोग होगा। दीपोत्सव के दौरान लेजर शो, आर्टिस्टिकली कोरियोग्राफ्ड फायरक्रैकर शो समेत विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन

हांगे। चार दिनों तक दीपोत्सव के दौरान 100 से ज्यादा कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत सदस्यता ग्रहण की और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से इस कार्यक्रम से जुड़कर सबसे अधिक साधारण और सक्रिय सदस्य बनाने के टारगेट को पूरा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगों के मन में श्रद्धा और सम्मान का भाव है। देश सर्वोपरि का मंत्र देते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक–एक कार्यकर्ता कह सकता है कि उसके लिए दल से बढ़कर देश है।

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

बहराइच के महसी गांव में आदमखोर भेड़िये ने कल रात एक बार फिर एक बच्ची को शिकार बनाने के लिए हमला किया। बच्ची की दादी ने किसी तरह भेड़िये से बच्ची को बचा लिया, लेकिन इस हमले में दोनों लोग घायल हो गये। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि वन विभाग की टीमें भेड़िये को पकड़ने में लगी हुई हैं। कई जगहों पर जाल लगाए गए हैं, वहीं कांबिंग करते हुए पकड़ने के प्रयास जारी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वन विभाग लखनऊ से बड़े अफसरों ने बहराइच पहुंचकर ऑपरेशन भेड़िये को कमान संभाल ली है। वहीं आस–पास जिले के डीएफओ समेत कई वन अधिकारी बहराइच भेजे गये हैं। भेड़िये को पकड़ने में गोंडा, श्रावस्ती, बाराबंकी, अयोध्या, रायबरेली के अधिकारी पहुंचे हैं। इलाके में ड्रोन और कैमरों से निगरानी करते हुए भेड़िये की लोकेशन दखी जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों को कहना है कि जल्द ही भेड़ियों के आंतक से जनपद को मुक्त करा दिया जाएगा। हालांकि वन विभाग द्वारा चार भेड़ियों को पूर्व में ही पकड़ा जा चुका है।

एडीजी गोरखपुर जोन डॉ0 के एस प्रताप ने बताया कि वन विभाग की ओर से योजनागत तरीके से भेड़ियों को पकड़ने के लिए पूरे क्षेत्र को सात टीमों में बांटा गया है। पुलिस विभाग के साथ दो कंपनी पीएस भी लगाई गई है।
बाइट.....

*वन विभाग द्वारा एक स्पेशलाइज्ड स्ट्रेटेजी के तहत पैक्टिक्स के तहत एक प्रोग्राम अमल में लाया जा रहा है जिसमें पुलिस विभाग का भी पूरा सहयोग रहेगी। इस पूरे क्षेत्र को सात टीमों में बांट दिया गया है और हर एक ग्राम पंचायत में भी एक टीम पुलिस का दिया गया है। दो कंपनी पीएसी भी यहां गश्त कर रही है और निश्चित ही जल्दी से सफलता प्राप्त होगी।*

———————

**मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के बाद अब 10 और 11 सितम्बर को राधा अष्टमी बरसाना में धूमधाम के साथ मनाई जाएगी, जिसमें 25 लाख भक्तों के पहुंचने की संभावना है। 10 सितंबर से 11 सितंबर की सुबह 5 बजे तक बरसाना स्थित राधा रानी मंदिर में राधा रानी के जन्मोत्सव की व्यवस्थाओं को लेकर हुई बैठक में तय हुआ कि जन्मोत्सव के अभिषेक दर्शन 11 सितंबर की सुबह चार से पांच बजे तक होंगे। व्यवस्था की दृष्टि से मेला क्षेत्र को 7 जोन 16 सेक्टर में बांटा जाएगा। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सभी श्रद्धालुओं का प्रवेश मंदिर की पुरानी सीढ़ियों से कराया जाएगा। बाइट.......**

*पर्याप्त पार्किंग स्थल बनाए जा रहे हैं। जगह जगह पर होल्डिंग एरिया बनाए जा रहे हैं। आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग बनाई जा रही है। ये जो सीढियोंकी तरफ से प्रवेश द्वार है उधर से लोग प्रवेश करेंगे दर्शन करने के लिए और जो जयपुर मंदिर साइड है उधर साइड से लोग निकलेंगे जिससे कि कहीं भी किसी भी प्वाइंट पर आमने सामने न आए। हमारी हेल्थ की टीम नगर पंचायत की टीम लगातार काम कर रही है और व्यवस्थाओं को समुचित करने के प्रयास कर रही है और हम सभी श्रद्धालुओं को आश्वस्त करते हैं कि वो यहां आए। हम लोग उनको बेहतर दर्शन कराने के लिए पूरी कोशिश रहेगी। लेकिन साथ ही साथ ये भी अनुरोध है कि बहुत छोटे बच्चों*

*को लेकर के, आप बूढ़े लोगों को लेकर, बीमर लोगों को लेकर के आने से अवाइड करे, क्योंकि कई बार भीड़ में उन लोगों को दिक्कतें होती है।*

———————

प्रदेश सरकार ने ड्यूटी से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने और काम में लापरवाही बरतने के आरोप में राज्य चिकित्सा सेवा के 26 डॉक्टरों को बर्खास्त करने का फैसला किया है। सरकार ने कई चिकित्सा अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोकने का भी निर्णय लिया है।

———————

मुंबई में आज हुये सम्मेलन में वाराणसी की पहल लैब मित्रा को राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस का स्वर्ण पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार भारत सरकार में प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत द्वारा ई–गवर्नेंस में जिला स्तर की पहल के लिए प्रदान किया गया है। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने कहा कि यह काशी के लिए बड़ गर्व की बात है कि जिला स्तरीय पहल को राष्ट्र स्तर पर ख्याति प्राप्त हुई है।

(समाप्त)